कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 14-04-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देश पर अपने कार्य व आचरण से पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले पुलिस कर्मियों को चिन्हित करते हुए दी गई नोटिस।

पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि बनाये रखने हेतु कमिश्नरेट वाराणसी में नियुक्त पुलिस कर्मियों की कमी सुधारने व उनके व्यवहारों की निगरानी के लिए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया था। जिसमें शराब पीने के आदी, दुर्व्यवहार करने के आदी, आदतन गैरहाजिर रहने वाले, जिनकी भ्रष्टाचार की शिकायतें है तथा ऐसे कर्मचारी कार्य एवं आचरण विभाग में रहने योग्य नही है, के विरूद्ध पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारीगण से चिन्हिकरण कराकर आख्या प्राप्त की गई है। चिन्हित पुलिसकर्मियों (कुल 122) को अपने में सुधार लाने हेतु एक महीने का समय देते हुए एक नोटिस जारी की गई है। इस दौरान गोपनीय टीम द्वारा उनकी सतत निगरानी की जायेगी तथा यदि उक्त पुलिसकर्मी द्वारा अपने में सुधार नही किया जाता है तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी, जो बर्खास्तगी तक की हो सकती है। चिन्हित पुलिसकर्मियों का विवरण निम्नवत है-

	निरीक्षक	उप निरीक्षक	मुख्य आरक्षी	आरक्षी	चतुर्थश्रेणी
शराब	-	7	7	7	1
शराब तथा गैर हाजिर होने के आदि	-	-	4	2	-
शराब तथा दुर्व्यवहार	-	-	-	1	-
भ्रष्टाचार	1	7	4	18	-
आदतन गैर हाजिर	1	1	12	43	2
जनता से दुर्व्यवहार	-	-	2	2	-
योग	02	15	29	73	3

कुल योग - 122

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।